*क्रमांक*

**H**

# 2015 (II)
## *भू, वायुमंडलीय, सागर एवं ग्रहीय विज्ञान*
### *प्रश्न पत्र*

**2** *विषय कोड* **A** *पुस्तिका कोड*

*समय* ***: 3:00 घंटे***

***पूर्णांक : 200 अंक***

## *अनुदेश*

1. ***आपने हिन्दी को माध्यम चुना है ।*** *इस परीक्षा पुस्तिका में एक सौ पचास* (20 *भाग* 'A' *में* + 50 *भाग* 'B' + 80 *भाग* 'C' *में* ) *बहुल विकल्प प्रश्न* (MCQ)*दिए गए हैं । आपको भाग* 'A' *में से अधिकतम* 15 *और भाग* 'B' *में* 35 *प्रश्नों तथा भाग* 'C' *में से* 25 *प्रश्नों के उत्तर देने हैं । यदि निर्धारित से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए तो केवल भाग* 'A' *से* 15, *भाग* 'B' *से* 35 *तथा भाग* 'C' *से* 25 *पहले उत्तरों की जांच की जाएगी ।*
2. ***ओ.एम.आर.*** *उत्तर पत्रक अलग से दिया गया है । अपना रोल नम्बर और केन्द्र का नाम लिखने से पहले यह जांच लीजिए कि पुस्तिका में पृष्ठ पूरे और सही हैं तथा कहीं से कटे–फटे नहीं हैं । यदि ऐसा है तो आप इन्विजीलेटर से उसी कोड की पुस्तिका बदलने का निवेदन कर सकते हैं । इसी तरह से* ***ओ.एम.आर.*** *उत्तर पत्र को भी जांच लें । इस पुस्तिका में रफ काम करने के लिए अतिरिक्त पन्ने संलग्न हैं ।*
3. ***ओ.एम.आर.*** *उत्तर पत्रक के पृष्ठ* 1 *में दिए गए स्थान पर अपना रोल नम्बर, नाम तथा इस परीक्षा पुस्तिका का क्रमांक लिखिए, साथ ही अपना हस्ताक्षर भी अवश्य करें ।*
4. ***आप अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में रोल नंबर, विषय कोड, पुस्तिका कोड और केन्द्र कोड से संबंधित समुचित वृतों को काले बॉल पेन से अवश्य काला करें। यह एक मात्र परीक्षार्थी की जिम्मेदारी है कि वह ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देशों का पूरी सावधानी से पालन करें, ऐसा न करने पर कम्प्यूटर विवरणों का सही तरीके से अकूटित नहीं कर पाएगा, जिससे अंततः आपको हानि, जिससे आपकी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अस्वीकृति भी शामिल, हो सकती है ।***
5. *भाग* 'A' *तथा* 'B' *में प्रत्येक प्रश्न के* 2 *अंक और भाग* 'C' *में प्रत्येक प्रश्न* 4 *अंक का है । प्रत्येक गलत उत्तर का भाग* 'A' *तथा* 'B' *में ऋणात्मक मूल्यांक* @ 25 % *की दर से तथा भाग* 'C' *में* @ 33% *की दर से किया जाएगा ।*
6. *प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक विकल्प ही "सही" अथवा "सर्वोत्तम हल" है । आपको प्रत्येक प्रश्न का सही अथवा सर्वोत्तम हल ढूंढना है ।*
7. *नकल करते हुए या अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले परीक्षार्थियों का इस और अन्य भावी परीक्षाओं के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।*
8. *परीक्षार्थी को उत्तर या रफ पन्नों के अतिरिक्त कहीं और कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।*
9. *केलकूलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।*
10. ***परीक्षा समाप्ति पर छिद्र बिन्दु चिन्हित स्थान से OMR उत्तर पत्रक को विभाजित करें। इन्विजीलेटर को मूल OMR उत्तर पत्रक सौंपने के पश्चात आप इसकी कॉर्बनलैस प्रतिलिपि ले जा सकते हैं।***
11. *हिन्दी माध्यम/संस्करण के प्रश्न में विसंगति होने/पाये जाने पर अंग्रेजी संस्करण प्रमाणिक होगा ।*
12. *केवल परीक्षा की पूरी अवधि तक बैठने वाले परीक्षार्थी को ही परीक्षा पुस्तिका साथ ले जाने की अनुमति दी जाएगी ।*

*रोल नंबर* :........................

*नाम* :...............................

*परीक्षार्थी* ***द्वारा भरी गई जानकारी को मैं सत्यापित करता हूँ ।***

...............................

***इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर***

FOR ROUGH WORK

# भाग \PART 'A'

**1.** मोरियार्टी ने ख़ज़ाने की चोरी की तथा दस स्तंभों में से एक में छिपा दिया। मोरियार्टी से शैर्लाक को दी गयी चिट्ठी में लिखा था, “मानव मति के अंदर सुराग छिपा हुआ है”। कौन-सा स्तंभ था?

1. X
2. II
3. III
4. IX

**1.** “The clue is hidden in this statement”, read the note handed to Sherlock by Moriarty, who hid the stolen treasure in one of the ten pillars. Which pillar is it?

1. X
2. II
3. III
4. IX

**2.** मानें कि प्राध्यापकों की तीन संगोष्ठियां क्रमश: मुम्बई, दिल्ली तथा चैन्नई में आयोजित की गयीं। हर प्राध्यापक इन में से केवल किसी दो संगांष्ठियों में शामिल हुए। 21 प्राध्यापक मुम्बई संगोष्ठी में, 27 दिल्ली संगोष्ठी में तथा 30 चैन्नई संगोष्ठी में शामिल हुए। दिल्ली तथा चैन्नई संगोष्ठी में शामिल होने वाले प्राध्यापकों की कुल संख्या क्या थी?

1. 18
2. 24
3. 26
4. उपरोक्त सूचना से पता नहीं लगाया जा सकता।

**2.** Suppose three meetings of a group of professors were arranged in Mumbai, Delhi and Chennai. Each professor of the group attended exactly two meetings. 21 professors attended Mumbai meeting, 27 attended Delhi meeting and 30 attended Chennai meeting. How many of them attended both the Chennai and Delhi meetings?

1. 18
2. 24
3. 26
4. Cannot be found from the above information

**3.** मानें कि किसी यात्रा के दौरान, बिना टिकट के सवार के पकड़े जाने की प्रायिकता 0.1 है। यदि कोई व्यक्ति बिना टिकट लिए 4 बार यात्रा करता है, तो इन यात्राओं के दौरान उसके पकड़े जाने की प्रायिकता क्या होगी:

1. $1-(0.9)^4$
2. $(1-0.9)^4$
3. $1-(1-0.9)^4$
4. $(0.9)^4$

**3.** The probability that a ticketless traveler is caught during a trip is 0.1. If the traveler makes 4 trips , the probability that he/she will be caught during at least one of the trips is:

1. $1-(0.9)^4$
2. $(1-0.9)^4$
3. $1-(1-0.9)^4$
4. $(0.9)^4$

**4.**



दर्शाये गये नौ बिंदुओं को कलम को उठाए बिना तथा किसी पथ के पुन: अनुरेखण किये बिना जोड़ने के लिए कम से कम कितनी सरल रेखाओं की आवश्यकता है?

1. 3
2. 4
3. 5
4. 6

**4.**



The minimum number of straight lines required to connect the nine points above without lifting the pen or retracing is

1. 3
2. 4
3. 5
4. 6

**5.** एक इकाई घन के सबसे लंबे विकर्ण के दो सिरे A, B हैं। A से B के बीच घन के सतह पर बने पथ की न्यूनतम लंबाई क्या है?

1. $\sqrt{3}$
2. $1+\sqrt{2}$
3. $\sqrt{5}$
4. 3

**5.** Let A, B be the ends of the longest diagonal of the unit cube. The length of the shortest path from A to B along the surface is

1. $\sqrt{3}$
2. $1+\sqrt{2}$
3. $\sqrt{5}$
4. 3

**6**. संख्या $3^{16}$ को यदि दशमलव कोड़ में लिखा जाये तो उस संख्या में कितने दशमलव अंक होंगे?

1. तीन
2. छह
3. सात
4. आठ

**6**. How many digits are there in $3^{16}$ when it is expressed in the decimal form?

1. Three
2. Six
3. Seven
4. Eight

**7.** *x-y* निर्देशांक समतल पर खींचा गया एक वृत्त उद्गम से गुजरता है, *x* तथा *y* और अक्ष पर लम्बाइयां क्रमश: 8 और 7 के जीवा रखता है। इस वृत्त के केंद्र के निर्देशांक हैं

1. (8, 7)
2. (–8, 7)
3. (–4, 3.5)
4. (4, 3.5)

**7.** A circle drawn in the *x*-*y* coordinate plane passes through the origin and has chords of lengths 8 units and 7 units on the *x* and *y* axes, respectively. The coordinates of its centre are

1. (8, 7)
2. (–8, 7)
3. (–4, 3.5)
4. (4, 3.5)

**8**. चित्र में दर्शाये अनुसार एक वर्ग के अंदर तथा बाहर एक-एक वृत्त बनाया गया है। बाहय वृत्त के क्षेत्रफल और आंतर वृत्त के क्षेत्रफल का अनुपात क्या है ?



1. $\sqrt{2}$
2. 2
3. $2\sqrt{2}$
4. $\sqrt{3/2}$

**8**. There is an inner circle and an outer circle around a square. What is the ratio of the area of the outer circle to that of the inner circle?



1. $\sqrt{2}$
2. 2
3. $2\sqrt{2}$
4. $\sqrt{3/2}$

**9**. एक गिलास के पेंदे का व्यास उस के किनारे के व्यास से 20% छोटा है। गिलास को आधी ऊँचाई तक द्रव भर दिया गया है। गिलास के खाली आयतन का भरे आयतन से अनुपात है

1. $\frac{\sqrt{10}-\sqrt{9}}{\sqrt{9}-\sqrt{8}}$
2. $\frac{10-9}{9-8}$
3. $\frac{10^2-9^2}{9-8}$
4. $\frac{10^3-9^3}{9^3-8^3}$

**9**. The base diameter of a glass is 20% smaller than the diameter at the rim. The glass is filled to half the height. The ratio of empty to filled volume of the glass is

1. $\frac{\sqrt{10}-\sqrt{9}}{\sqrt{9}-\sqrt{8}}$
2. $\frac{10-9}{9-8}$
3. $\frac{10^2-9^2}{9-8}$
4. $\frac{10^3-9^3}{9^3-8^3}$

**10**. एक दुपहिया ठेले को एक अर्धवृत्ताकार पथ पर चलाया जा रहा है। पथ की औसत त्रिज्या 10मी. है, तथा पहियों के बीच का फासला एक मीटर है। ठेले के दो पहियों द्वारा पारित दूरी में अंतर है

1. 0
2. 10
3. $\pi$
4. $2\pi$

**10**. A wheel barrow with unit spacing between its wheels is pushed along a semi-circular path of mean radius 10. The difference between distances covered by the inner and outer wheels is

1. 0
2. 10
3. $\pi$
4. $2\pi$

**11**. यदि $d$ =1 डिग्री, $r$ = 1 रेडियन, तथा $g$ = 1 ग्रेड माना जाये, तो निम्न में से कौन-सा सही है?

(100 ग्रेड = एक लंब कोण)

1. $\cos d < \cos r < \cos g$
2. $\cos r < \cos g < \cos d$
3. $\cos r < \cos d < \cos g$
4. $\cos g < \cos d < \cos r$

**11**. Write $d$ =1 degree, $r$ = 1 radian and $g$ = 1 grad. Then which of the following is true?

(100 grad = a right angle)

1. $\cos d < \cos r < \cos g$
2. $\cos r < \cos g < \cos d$
3. $\cos r < \cos d < \cos g$
4. $\cos g < \cos d < \cos r$

**12**. एक विक्रेता प्रत्येक 100 रुपये क्रय मूल्य वाली चीजों को साल भर बेचता है। पहले आठ महीनों में विक्रय मूल्य अधिक रखा जाता है, तथा बाद के चार महीनों में छूट दी जाती है। छूट के दौरान का विक्रय मूल्य पहले आठ महीनों का आधा है। हर महीने बिकी वस्तुओं की संख्या समान है। यदि वह साल के अंत में 20% मुनाफा पाता है तो पहले आठ महीनों में विक्रय मूल्य क्या है?

1. 122
2. 144
3. 150
4. 160

**12**. A vendor sells articles having a cost price of Rs.100 each. He sells these articles at a premium price during first eight months, and at a sale price, which is half of the premium price, during next four months. He makes a net profit of 20% at the end of the year. Assuming that equal numbers of articles are sold each month, what is the premium price of the article?

1. 122
2. 144
3. 150
4. 160

**13**. कथन 'मेरे पुत्र का पिता तुम्हारे जनकों की एकमात्र सन्तान है'

1. कभी सही नहीं हो सकता
2. केवल एक ही प्रकार के संबंध में सही है
3. एक से अधिक संबंधों में सही हो सकता है
4. किसी बहुसंगमनी कुटुंब में ही हो सकता है।

**13**. The statement: "The father of my son is the only child of your parents"

1. can never be true
2. is true in only one type of relation
3. can be true for more than one type of relations
4. can be true only in a polygamous family

**14**. एक समतल को सर्वांगसम बहुभुजों से इस तरह ढंकने की आवश्यकता है, कि कोई जगह खाली नहीं छूटे। बहुभुजों में किससे यह संभव है?

1. षड्भुज (6-gon)
2. अष्ट भुज (8-gon)
3. दश भुज (10-gon)
4. द्वादशभुज (12-gon)

**14**. One is required to tile a plane with congruent regular polygons. With which of the following polygons is this possible?

1. 6-gon
2. 8-gon
3. 10-gon
4. 12-gon

**15**. बराबर व्यास के तीन वृत्तों को इस प्रकार रखा गया है, जिससे कि उन के केंद्रों से एक समभुज त्रिकोण बन जाये।



हर वृत्त के अंदर 50 बिंदुओं को यादृच्छिकत: विखरा जाता है। सभी संभव बिन्दु-युगलों के बीच की दूरी का आवृत्ति बंटन इस प्रकार दीखेगा।




**15**. Three circles of equal diameters are placed such that their centres make an equilateral triangle as in the figure



Within each circle, 50 points are randomly scattered. The frequency distribution of distances between all possible pairs of points will look as



**16**. भारत के उष्णकटीबंध प्रदेशों में अधिकतर फल अप्रैल-मई के महीनों में पनपते हैं। इस का स्पष्टीकरण नीचे दिये कौन से विधान से हो सकता है?

1. इस दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी का होना।
2. गर्मी से फलों का आसानी से पकना।
3. पशुओं के लिए इस दौरान खाने के अन्य स्रोतों की कमी।
4. आने वाले बारिश के मौसम में बीजों का अनुकूलतम प्रसारण हो।

**16**. Most Indian tropical fruit trees produce fruits in April-May. The best possible explanation for this is

1. optimum water availability for fruit production.
2. the heat allows quicker ripening of fruit.
3. animals have no other source of food in summer.
4. the impending monsoon provides optimum conditions for propagation.

**17**. एक उत्तल द्वादशभुज (12-gon) के विकर्णों की संख्या है

1. 66    2. 54
3. 55    4. 60

**17**. The number of diagonals of a convex deodecagon (12-gon) is

1. 66    2. 54
3. 55    4. 60

**18**. लाल,नीले तथा हरे रंग के क्रमश: तीन बक्से तथा तीन गेंदें है। किसी भी डिब्बे में कोई गेंद ऐसी रखी जाती है, कि डिब्बे का और गेंद का रंग भिन्न हो। ऐसे करने के कितने प्रकार हैं?

1. 1    2. 2
3. 3    4. 4

**18**. Three boxes are coloured red, blue and green and so are three balls. In how many ways can one put the balls one in each box such that no ball goes into the box of its own colour?

1. 1    2. 2
3. 3    4. 4

**19**. कूट वाचन करें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वि | ध्या | र्थि | यों | को |
| न | स | म | स्या | ही |
| मा | स | इ | का | मि |
| द्धि | बु | ल | ह | ल |
| । | है | ता | क | स |

1. विध्यार्थियों को समस्या ही ताकत है।
2. स्याही विध्यार्थियों के काम आती है।
3. समस्याहीन विध्यार्थी कहीं नहीं मिलेंगे।
4. इस समस्या का हल बुद्धिमान विध्यार्थियों को ही मिल सकता है।

**19**. Decode

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| G | E | N | T | S | T | U |
| I | S | S | O | L | V | D |
| L | I | I | S | P | A | E |
| L | M | H | T | R | B | N |
| E | E | L | B | O | L | T |
| T | N | I | Y | B | E | S |

1. GENT STUDENTS CAUSE LITTLE HEART BURNS
2. STUDENTS ARE INTELLIGENT BUT PROBLEM IS NOT SOLVABLE
3. THIS PROBLEM IS UNSOLVABLE BY ANY STUDENT
4. THIS PROBLEM IS SOLVABLE BY INTELLIGENT STUDENTS

**20**. लापता संख्या है

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | | | |
| 8 | 2 | | |
| 7 | 9 | –5 | |
| 5 | 9 | 9 | ? |

1. –19    2. –5
3. 9    4. –9

**20**. The missing number is

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | | | |
| 8 | 2 | | |
| 7 | 9 | –5 | |
| 5 | 9 | 9 | ? |

1. –19    2. –5
3. 9    4. –9

## *भाग* \PART 'B'

**21.** एक ग्रह पृथ्वी से सभी विषयों पर एक समान है, परंतु उसकी वायुमंडलीय बनावट शुद्ध ऑक्सीजन (पृथ्वी के नाईट्रोजन तथा ऑक्जीजन के 80:20 मिश्रण की जगह) की है। पृथ्वी की तुलना में ऐसे वायुमंडल के मापक्रम ऊँचाई की इतनी होने की आशा कर सकते हैं:

1. (7.2/8)
2. (8/7.2)
3. 1
4. (32/28)

**21.** A planet is identical to the Earth in all respects except that its atmospheric composition is purely oxygen (instead of Earth's 80:20 mixture of nitrogen and oxygen). The scale height of such an atmosphere relative to that of the Earth is expected to be

1. (7.2/8)
2. (8/7.2)
3. 1
4. (32/28)

**22.** पृथ्वी के गुरुत्व के समान सतही त्वरण रखने के लिए उससे दुगुनी त्रिज्या वाले ग्रह का माध्य सापेक्ष घनत्व होना चाहिए

1. 2.75
2. 5.5
3. 1.4
4. 2.25

**22.** In order to have the same value of the surface acceleration due to gravity as on Earth, a planet twice its radius must have a mean relative density of

1. 2.75
2. 5.5
3. 1.4
4. 2.25

**23.** कोई तारा जो अधिकतर हाईड्रोजन को जला/विलयन कर रहा है, वह कहलाता है

1. लाल दानव
2. मुख्य अनुक्रम
3. श्वेत वामन
4 अधिदानव

**23.** A star which is burning/fusing mostly Hydrogen is called

1. Red giant
2. Main sequence
3. White dwarf
4. Super giant

**24.** ब्रह्माण्ड की आकलित आयु है:

1. 4.56 अरब वर्ष
2. 13.5 अरब वर्ष
3. 10.1 अरब वर्ष
4. 25.7 अरब वर्ष

**24.** The estimated age of the universe is

1. 4.56 billion years
2. 13.5 billion years
3. 10.1 billion years
4. 25.7 billion years

**25.** विवर्तनिक प्रतिबल के अधीन उच्च दाबों व तापों पर शैल स्थायी तन्य विरूपण झेलते हैं। ऐसी स्थायी विकृति का विकास तब होता है जब शैल में प्रतिबल अपनी

1. प्राप्ति सामर्थ्य पर पहुँचता है।
2. तनन सामर्थ्य पर पहुँचता है।
3. चरम सामर्थ्य पर पहुँचता है।
4. विफलता सामर्थ्य पर पहुँचता है।

**25.** At high pressures and temperatures rocks undergo permanent ductile deformation under tectonic stresses. Such permanent strains can develop when the stress in the rocks reaches its

1. yield strength
2. tensile strength
3. ultimate strength
4. failure stress

**26.** नदी जल में सबसे आम ऋणायन कौन-सा है?

1. $Cl^-$
2. $CO_3^{2-}$
3. $HCO_3^-$
4. $SO_4^{2-}$

**26.** What is the most common anion in river water?

1. $Cl^-$
2. $CO_3^{2-}$
3. $HCO_3^-$
4. $SO_4^{2-}$

**27.** Ni का सबसे अधिक दृढ़ बद्ध नाभिक है, क्योंकि

1. उसकी बंधन ऊर्जा उच्चतम है।
2. उसकी प्रति न्यूक्लियान् बंधन ऊर्जा उच्चतम है।
3. उसका रेडियोधर्मी क्षय नहीं होता।
4. उसकी लंबी अर्धायु है।

**27**. Ni has the most tightly bound nucleus because it
1. has the highest binding energy
2. has the highest binding energy per nucleon
3. does not undergo radioactive decay
4. has a long half life

**28**. निम्न आलोखों में से कौन-सा, रेडियोधर्मी जनक समस्थानिक के क्षय एवं उसकी रेडियोजनित पुत्री समस्थानिक के वर्धन को सही दर्शाता है?




**28**. Which of the following graphs correctly depicts the decay of a radioactive parent isotope and the growth of its radiogenic daughter?




**29**. समुद्रजल के वाष्पण के दौरान निम्न समस्थानिक अनुपातों में से कौन-सा सार्थकत: प्रभाजित होता है?
1. $^{87}Sr/^{86}Sr$ 2. $^{16}O/^{18}O$
3. $^{143}Nd/^{144}Nd$ 4. $^{12}C/^{13}C$

**29**. Which of the following isotope ratios get significantly fractionated during evaporation of sea water?
1. $^{87}Sr/^{86}Sr$ 2. $^{16}O/^{18}O$
3. $^{143}Nd/^{144}Nd$ 4. $^{12}C/^{13}C$

**30**. ग्रहों के सूर्य के गिर्द परिक्रमण काल तथा उनके सूर्य से दूरी, इनके बीच का रिश्ता इससे दिया जाता है:
1. बोड़ विधि 2. कैप्लर विधि
3. न्यूटन विधि 4. हब्बल विधि

**30**. The relationship between the period of revolution of the planets around the Sun and their distance from the Sun is given by
1. Bode's Law 2. Kepler's Law
3. Newton's Law 4. Hubble's Law

**31**. पृथ्वी के सतह पर शैलों के अपक्षय के दौरान निम्न सूचित खनिजों में से किसकी रचना होती है?
1. क्वार्ट्ज़ 2. बॉक्साईट
3. फेल्ड्स्पार 4. मस्कोवाइट

**31**. Which one of the listed minerals is formed during weathering of rocks on the surface of the Earth?
1. quartz 2. bauxite
3. feldspar 4. muscovite

**32**. एक ऐट्मास्फियर दाब पर दो खनिजों, A तथा B, जो घोल बर्ताव नहीं दिखाते (परमाणविक मापक्रमों पर), के गलनांक क्रमश: 1200°C तथा 1000°C हैं। यदि उनको भौतिकत: मिलाया जाता है, तो मिश्रण का गलनांक इसके आसपास होगा:
1. 1000°C
2. 1200°C
3. 1000°C से कम
4. 1000°C तथा 1200°C के बीच

**32**. Two minerals, A and B, which do not show solution behaviour (at atomic scales) have melting temperatures 1200°C and 1000°C, respectively, at one atmospheric pressure. If they are physically mixed, the temperature of melting of the mixture will be around
1. 1000°C
2. 1200°C
3. less than 1000°C
4. between 1000°C and 1200°C

**33**. पृथ्वी के ऊपरी प्रावार की बनावट अधिकतम किस शैल से हुई है?
1. गैब्ब्रो 2. पेरिडोटाईट
3. बसॉल्ट 4. ड्यूनाईट

**33**. Which of the following rocks makes most of the upper mantle of the Earth?

1. Gabbro  2. Peridotite
3. Basalt  4. Dunite

**34**. निम्न ग्रहों में से किसकी, अन्य तीनों की तुलना में अति-भिन्न बनावट है?

1. मंगल  2. शुक्र
3. पृथ्वी  4. बृहस्पति

**34**. Which of the following planets has a composition very different from that of the other three?

1. Mars  2. Venus
3. Earth  4. Jupiter

**35**. चाँद पर निम्न शैलों में से किसकी उपस्थिति की आशा नहीं की जा सकती?

1. अनार्थोसाईट  2. नोराईट
3. बालू पत्थर  4. बसॉल्ट

**35**. Which of the following rocks is not expected to occur on the moon?

1. Anorthosite  2. Norite
3. Sandstone  4. Basalt

**36**. हिमालय पर्वत श्रृंखला में शैल विरूपित हैं। इस क्षेत्र में देखी जाने वाली अधिक आम विरूपण संरचनायें हैं:

1. सामान्य भ्रंश तथा तनाव विभंग
2. वलन तथा उत्क्रम भ्रंश
3. बंकन वलन तथा नतिलंब सर्पण भ्रंश
4. ऊर्ध्वाधर विभंग तथा विस्तरण वलन

**36**. In the Himalayan Mountain Belt, rocks are deformed. Most common deformational structures observed in this region are

1. normal faults and tensional fractures
2. folds and reverse faults
3. bending folds and strike-slip faults
4. vertical fractures and extensional folds

**37**. 30% MgO तथा 70% $SiO_2$ युक्त एक मैग्मा से $Mg_2SiO_4$ का स्फटिकीकरण हो रहा है। शेष गलित में परिवर्तन की दिशा को निम्न चित्रों में से कौन-सा सही दर्शाता है?




**37**. $Mg_2SiO_4$ is crystallizing from a magma containing 30% MgO and 70% $SiO_2$. Which of the following diagrams correctly displays the direction (arrow) of change in the residual melt composition?




**38**. कुछ खनिज विभिन्न रासायनिक घटकों के बीच ठोस विलयन बनाते हैं। इसका कारण है कि घटकों के भौतिकीय मिश्रण की अपेक्षा ठोस विलयन

1. की मुक्त ऊर्जा अधिक है।
2. की मुक्त ऊर्जा कम है।
3. में बंधन की अधिक सहसंयोजकता है।
4. में बंधन की कम सहस-संयोजकता है।

**38**. Some minerals form solid solutions between different chemical components. This is because solid solutions, relative to mechanical mixture of the components, have

1. higher free energy
2. lower free energy
3. higher covalency of bonding
4. lower covalency of bonding

**39**. निम्न समुच्चयों में से कौन-सा सतह से केन्द्र तक पृथ्वी के भौतिकीय परतन का सही प्रतिनिधित्व करता है?

1. SIAL, SIMA, प्रावार, क्रोड़
2. पर्पटी, प्रावार, क्रोड़

3. स्थलमंडल, दुर्बलता-मंडल, निचली प्रावार, बाह्य क्रोड़, अंत:क्रोड़
4. महाद्वीपीय पर्पटी, महासमुद्री पर्पटी, प्रावार, क्रोड़

**39**. Which of the following sets represents mechanical layering of the Earth from the surface to the centre?
1. SIAL, SIMA, Mantle, Core
2. Crust, Mantle, Core
3. Lithosphere, Asthenosphere, Lower Mantle, Outer Core, Inner Core
4. Continental Crust, Oceanic Crust, Mantle, Core

**40**. बाह्यांतरिक्ष से आने वाली कॉस्मिक विकिरण बमबारी से जीव मंडल अधिक हद तक सुरक्षित है। इसका कारण है निम्न की उपस्थिति
1. वायुमंडल में आज़ोन परत
2. पौधाघर वायु
3. वायुमंडल की नमी
4. पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र

**40**. The biosphere is to a large extent protected from cosmic ray bombardment from outer space. This is due to the presence of
1. ozone layer in the atmosphere
2. greenhouse gases
3. moisture of the atmosphere
4. Earth's magnetic field

**41**. भूवैज्ञानिक इतिहास में निम्न बृहत प्राकृत विलोपन घटनों में से कौन-सी सुस्पष्ट इरिडियम असंगति से संगत है?
1. पार्मियन/ट्रायासिक
2. प्रीकैंब्रियन/ओर्डोविशियन
3. क्रैटेशियस/टर्शरी
4. इयोसीन/ओलिगोसीन

**41**. Which of the following mass extinction events in geological history is associated with the conspicuous iridium anomaly?
1. Permian/Triassic
2. Precambrian/Ordovician
3. Cretaceous/Tertiary
4. Eocene/Oligocene

**42**. निम्न देशों में से कौन-सा एक अपसारी प्लेट परिसीमा पर स्थित है?

| | |
|---|---|
| 1. ग्रीनलैंड | 2. इंदोनेशिया |
| 3. जापान | 4. आईसलैंड |

**42**. Which of the following countries is situated on a divergent plate boundary?

| | |
|---|---|
| 1. Greenland | 2. Indonesia |
| 3. Japan | 4. Iceland |

**43**. निम्न में से कौन-सा, उत्तरजंत्वी मृदुशरीरी प्राणियों का पुरातनतम अभिलेख का प्रतिनिधित्व करता है?
1. स्ट्रोमाटोलाइट्स्
2. ट्राइलोबाइट्स्
3. एक्रिटार्कस्
4. एडियाकरन प्राणिजात

**43**. Which of the following represents the oldest record of metazoan soft bodied animals?
1. Stromatolites
2. Trilobites
3. Acritarchs
4. Ediacaran fauna

**44**. पृथ्वी के भूवैज्ञानिक इतिहास में उद्भव के सही बढ़ते क्रम का निम्न में से कौन-सा प्रतिनिधित्व करता है?
1. मत्स्य, उभयचर, सरीसृप, स्तनधारी
2. उभयचर, सरीसृप, स्तनधारी, मत्स्य
3. मत्स्य, उभयचर, स्तनधारी, सरीसृप
4. सरीसृप, स्तनधारी, उभयचर, मत्स्य

**44**. Which one of the following represents the correct ascending order of appearance in geological history of the Earth?
1. Fishes, amphibians, reptiles, mammals
2. Amphibians, reptiles, mammals, fishes
3. Fishes, amphibians, mammals, reptiles
4. Reptiles, mammals, amphibians, fishes

**45**. इस समय समुद्र स्तर की परिवर्तन गति उच्चतम था:

| | |
|---|---|
| 1. 0 to 10 ka | 2. 10 to 20 ka |
| 3. 20 to 30 ka | 4. 30 to 40 ka |

**45**. The rate of change of sea level was maximum during

1. 0 to 10 ka
2. 10 to 20 ka
3. 20 to 30 ka
4. 30 to 40 ka

**46**. यदि किसी महाद्वीपीय पर्पटी, जिसकी प्रारंभिक लंबाई $\ell_0$ है, लंबाई $\ell_b$ तक खींची जाती है, तो प्रतनन कारक है $\alpha$

1. $l_0 l_b$
2. $l_0 + l_b$
3. $\frac{l_b}{l_0}$
4. $l_0 - l_b$

**46**. If a continental crust with an initial length of $\ell_0$ is stretched to a length $\ell_b$, then the stretching factor $\alpha$ is

1. $l_0 l_b$
2. $l_0 + l_b$
3. $\frac{l_b}{l_0}$
4. $l_0 - l_b$

**47**. एक घूर्णित गोलाभ पृथ्वी पर, उसका गुरूत्व क्षेत्र भूमध्यरेखा से ध्रुवों तक बढ़ता है। तो एक अघूर्णित गोलाभ पृथ्वी पर, गुरुत्व क्षेत्र

1. पृथ्वी की सतह पर अचर रहता है।
2. भूमध्यरेखा से ध्रुवों तक कम होता है।
3. भूमध्यरेखा से ध्रुवों तक अधिक होता है।
4. अक्षांश45° तक कम होता है, तद्पश्चात ध्रुवों की तरफ बढ़ता है।

**47**. On a rotating spheroidal Earth, its gravity field increases from the equator to the poles. On a non-rotating spheroidal Earth, the gravity field

1. remains constant on the Earth's surface
2. decreases from the equator to the poles
3. increases from the equator to the poles
4. decreases up to a latitude of 45° and then increases towards the poles

**48**. समस्थैतिक प्रतिकार पर पहुँचते एक उत्थित भूखंड

1. हमेशा उत्थित होता है।
2. हमेशा अवतलित होता है।
3. अतिप्रतिकारित होने पर उत्थित, अन्यथा अवतलित होता है।
4. अतिप्रतिकारित होने पर अवतलित, अन्यथा उत्थित होता है।

**48**. An elevated land mass attaining isostatic compensation

1. is always uplifted
2. always undergoes subsidence
3. is uplifted in the case of over compensation and undergoes subsidence otherwise
4. undergoes subsidence in the case of over compensation and is uplifted otherwise

**49**. यदि पृथ्वी की त्रिज्या अपने वर्तमान मान से दुगुनी होती, अपने माध्य चुंबकता में किसी परिवर्तन के बिना, किसी अक्षांश पर चुबंकीय क्षेत्र होगा

1. वर्तमान मान के समान।
2. वर्तमान मान से दुगुना।
3. वर्तमान मान से चौगुना।
4. वर्तमान मान से आठ गुना।

**49**. If the Earth were to have twice its present radius, without any change in its average magnetization, the magnetic field at any latitude would be

1. the same as its present value
2. twice its present value
3. four times its present value
4. eight times its present value

**50**. एक समान रासायनिक बनावट एवं भौतिक गुणों वाले दो शैल पिंड E तथा P क्रमश: चुंबकीय भूमध्यरेखा तथा ध्रुव में एक ही समय तापावशिष्ट चुंबकत्व (TRM) प्राप्त करते हैं। तो P का TRM

1. E के TRM के समान है, दिशा तथा परिमाण, दोनों में
2. E के TRM के परिमाण के समान, परंतु उसकी दिशा से लंब
3. E के TRM के परिमाण से दुगुना, परंतु उसकी दिशा से लंब
4. E के TRM के परिमाण से दुगुना, परंतु उसकी दिशा से समांतर

**50**. Two rock masses E and P of identical chemical compositions and physical properties simultaneously acquired thermoremanent magnetism (TRM) at the magnetic equator and pole, respectively. The TRM of P is then

1. equal to that of E, both in direction and in magnitude
2. equal to that of E in magnitude, but normal to it in direction
3. twice the magnitude of E, and normal to it in direction
4. twice the magnitude of E, but parallel to it in direction

**51**. भूकंपी सिंघु तरंग का जनन अति प्रायिकत: तब होता है जब भूकंप के रिक्टर मापक्रम परिमाण

1. > 8 महसमुद्रों के नीचे
2. > 8 महाद्वीपों के नीचे
3. > 8 महासमुद्रों या महाद्वीपों के नीचे
4. < 8 महासमुद्रों या महाद्वीपों के नीचे

**51**. Tsunamis are most likely to be generated when Richter scale magnitudes of earthquakes are

1. > 8 under oceans
2. > 8 under continents
3. > 8 either under oceans or continents
4. < 8 either under oceans or continents

**52**. मैग्नाटाईट की तुलना में हैमाटाइट है

1. अधिक चुंबकीय एवं लोहे में प्रचुरतर
2. अधिक चुंबकीय, परंतु लोहे में अल्पतर प्रचुर
3. कम चुंबकीय तथा लोहे में अल्पतर प्रचुर
4. कम चुंबकीय, परंतु लोहे में प्रचुरतर

**52**. Compared to magnetite, hematite is

1. more magnetic and richer in iron.
2. more magnetic, but has a lower iron content.
3. less magnetic and has a lower iron content.
4. less magnetic, but has a higher iron content.

**53**. किसी भूकंप का परिमाण इससे निर्धारित होता है।

1. अधिकेंद्री दूरी तथा उद्गमी गंभीरता
2. प्रेक्षणशालाओं में भूकंपी तरंगों के आगमन काल
3. प्राणी एवं संपत्ति के नाश के परिमाण
4. क्षैतिज भूगति का आयाम

**53**. The magnitude of an earthquake is determined from

1. the epicentral distance and focal depth
2. arrival times of seismic waves at the observatories
3. magnitude of destruction to life and property
4. amplitude of horizontal ground motion

**54**. पर्पटीय मोटाई, महाद्वीपों या महासमुद्रों के नीचे, निर्धारित की जा सकती है,

1. मात्र परावर्तन परिच्छेदिकायन द्वारा।
2. मात्र अपवर्तन परिच्छेदिकायन द्वारा।
3. परावर्तन या अपवर्तन परिच्छेदिकायन द्वारा नहीं।
4. परावर्तन या अपवर्तन परिच्छेदिकायन, दोनों द्वारा।

**54**. Crustal thickness, either under continents or oceans, can be determined by

1. only reflection profiling
2. only refraction profiling
3. neither reflection nor refraction profiling
4. both reflection and refraction profiling

**55**. द्रव्यमान क्रमश: $M$ तथा $4M$ वाले दो ग्रह A तथा B, एक क्रेन्द्र स्थित तारे के गिर्द, दूरियों $d$ तथा $4d$ पर परिक्रमा करते हैं। A की तुलना में ग्रह B तारे के गिर्द परिक्रमा करता है

1. दुगुना मंदतर
2. चौगुना मंदतर
3. आठ गुना मंदतर
4. सोलह गुना मंदतर

**55**. Two planets A and B of masses $M$ and $4M$ orbit around their central star at distances $d$ and $4d$ respectively. Compared to A, the planet B orbits around the star

1. twice slower.
2. four times slower.
3. eight times slower.
4. sixteen times slower.

**56**. एक्मन् परिवहन घटित होता है

1. ऊपरी महासमुद्र में
2. मध्यवेलावर्ती परत में
3. गभीरवेलापर्ती परत में
4. महासमुद्र के अधोभाग में

**56**. Ekman transport occurs in the
1. upper ocean.
2. meso-pelagic layer.
3. bathy-pelagic layer.
4. ocean bottom.

**57**. भूमध्य महासमुद्र की सतही लवणता कम है क्योंकि
1. उष्णकटिबद्ध क्षेत्र से कम लवणता जल का अभिवहन
2. ध्रुवीय क्षेत्र से कम लवणता जल का अभिवहन
3. तीव्र वायुमंडलीय संवहन से संगत अधिशेष वर्षा
4. बारंबारी चक्रवातों से संगत अधिशेष वर्षा

**57**. Surface salinity of the equatorial ocean is low because of
1. advection of low salinity water from the tropical region.
2. advection of low salinity water from the polar region.
3. excess precipitation associated with intense atmospheric convection.
4. excess precipitation associated with frequent cyclones.

**58**. वाष्पन प्रक्रिया के दौरान महासमुद्र अनुभव करता है :
1. संवेद्य ऊष्मा का क्षय
2. गुप्त ऊष्मा का क्षय
3. संवेद्य ऊष्मा का क्षय
4. गुप्त ऊष्मा की वृद्धि

**58**. During the process of evaporation, ocean experiences
1. sensible heat loss
2. latent heat loss
3. sensible heat gain
4. latent heat gain

**59**. पिक्नोक्लाइन निम्न के ऊर्ध्वाधर बंटन को इंगित करता है :
1. ताप
2. लवणता
3. घनत्व
4. ऑक्सीजन

**59**. Pycnocline indicates the vertical distribution of
1. temperature
2. salinity
3. density
4. oxygen

**60**. निम्न में से कौन-सा महासमुद्रीय संवाहक पट्टी की श्रेष्ठतम व्याख्या करता है?
1. वैश्विक महासमुद्र के आर-पार लवणता का कटिबंधीय परिवहन
2. वैश्विक महासमुद्र के आर-पार लवणता का याम्योत्तरीय परिवहन
3. वैश्विक महासमुद्र के आर-पार ऊष्मा का कटिबंधीय परिवहन
4. वैश्विक महासमुद्र के आर-पार ऊष्मा का याम्योत्तरीय परिवहन

**60**. Which of the following explains best the oceanic conveyor belt?
1. Zonal transport of salinity across the global ocean
2. Meridional transport of salinity across the global ocean
3. Zonal transport of heat across the global ocean
4. Meridional transport of heat across the global ocean.

**61**. वायुमंडल में मानव-कृत एरोसालों की बढ़ती मात्रा के संदर्भ में निम्न कथनों में से कौन-सा निश्चितत: सही है?
1. वायुमंडल में अल्पतर बादल बनते हैं।
2. वायुमंडल तप्ततर होता है।
3. अंतरिक्ष की तरफ अधिक विकिरण परावर्तित होता है।
4. सतह पर आपतित सौर्य विकिरण अल्पतर होता है।

**61**. With increasing amount of anthropogenic aerosols in the atmosphere, which one of the following statements is definitely correct?
1. Less cloud forms in the atmosphere
2. Atmosphere becomes warmer
3. More radiation is reflected back to space
4. Incoming solar radiation at the surface decreases

**62**. भारत में जून से सितम्बर तक की माध्य वर्षा अधिक है

1. मानसून द्रोणी के दक्षिणी भाग पर
2. मानसून द्रोणी के उत्तरी भार पर
3. मानसून द्रोणी के पश्चिमी भाग पर
4. मानसून द्रोणी के अक्ष के ऊपर

**62**. The average June-September rainfall in India is more

1. to the South of the monsoon trough
2. to the North of the monsoon trough
3. to the West of the monsoon trough
4. over the axis of the monsoon tough

**63**. जब पूरे विश्व पर माध्य आकलित किया जाता है, तो सतही फ़्लक्सों का घटता क्रम है :

1. गुप्त ऊष्मा, संवेद्य ऊष्मा, कुल दीर्घतरंग
2. संवेद्य ऊष्मा, गुप्त ऊष्मा, कुल दीर्घतरंग
3. कुल दीर्घतरंग, गुप्त ऊष्मा, संवेद्य ऊष्मा
4. गुप्त ऊष्मा, कुल दीर्घतरंग, संवेद्य ऊष्मा

**63**. When averaged over the entire globe, decreasing order of surface fluxes is

1. latent heat, sensible heat, net longwave
2. sensible heat, latent heat, net longwave
3. net longwave, latent heat, sensible heat
4. latent heat, net longwave, sensible heat

**64**. किसी उदासीनत: स्थायी वायुमंडल में च्युति दर है

1. शुष्क रूद्धोष्म से अधिक
2. शुष्क एवं नमी रूद्धोष्म के बीच
3. ऋण
4. शुष्क रूद्धोष्म के समान

**64**. In a neutrally stable atmosphere, the lapse rate is

1. more than dry adiabatic
2. between dry and moist adiabatic
3. negative
4. equal to dry adiabatic

**65**. समुद्रजल में विलीन $Na^+$ की मात्रा समय के साथ अचर है, परंतु विलीन $Ca^{2+}$ की मात्रा अचर नहीं है। यह इसलिये है कि

1. $Na^+$ का जैव अंतर्ग्रहण नगण्य है।
2. नदियां समुद्र में $Na^+$ पहुँचती है, परंतु $Ca^{2+}$ नहीं।
3. बसाल्टी पर्पटी द्वारा समुद्र में $Ca^{2+}$ मिलाया जाता है।
4. समुद्रजल $Ca^{2+}$ को विलयित नहीं करता।

**65**. The amount of dissolved $Na^+$ in seawater is constant over time, whereas that of $Ca^{2+}$ dissolved is not. This is because

1. biological uptake of $Na^+$ is negligible
2. rivers bring $Na^+$ to the ocean but not $Ca^{2+}$
3. $Ca^{2+}$ is added to the ocean by basaltic crust
4. sea water does not dissolve $Ca^{2+}$

**66**. कोई नदी प्रणाल अनुप्रवाही क्षेत्र में विस्तृत होता है क्योंकि

1. अवसादी भार कम होता है।
2. प्रवणता कम होती है तथा आस्राव बढ़ती है।
3. नदी की पार्श्वी अपरदन क्षमता बढ़ती है तथा अवसादी भार कम होता है।
4. नदी का सामर्थ्य बढ़ता है।

**66**. A river channel widens downstream because the

1. sediment load decreases
2. gradient decreases and discharge increases
3. lateral eroding capacity of the river increases and sediment load decreases
4. competence of the river increases

**67**. सामान्य नदी प्रवाह की तुलना में मलबा प्रवाह आसानी से बड़े पत्थरों का वहन कर सकते है क्योंकि

1. उनकी प्रवाह गति अधिक है।
2. उनके प्रवाह के आयतन अधिक है।
3. उनके प्रवाह अधिक क्षुब्धतावाले हैं।
4. उनके प्रवाह की श्यानता अधिक है।

**67**. In comparison with normal river flow, debris flows can easily carry large boulders because of higher

1. velocity of flow
2. volume of flow
3. turbulence of flow
4. viscosity of flow

**68**. यदि माध्य समुद्री स्तर में कोई परिवर्तन नहीं है, तो डूबा हुआ तट
1. अपरिवर्तित रहेगा।
2. अपरदन द्वारा निवर्तित होगा।
3. निक्षेप द्वारा पुर:क्रमण करेगा।
4. निवर्तन तथा पुर:क्रमण, दोनों करेगा।

**68**. If there is no change in the mean sea level, the submerged coast will
1. remain unchanged
2. retreat by erosion
3. prograde by deposition
4. retreat as well as prograde

**69**. किसी हिमानी चरण में, महासमुद्रों की माध्य लवणता, अंतराहिमानी चरण की तुलना में
1. बढ़ती है।
2. घटती है।
3. अपरिवर्तित रहती है।
4. प्रारंभ में घटती है, तद्पश्चात् बढ़ती है।

**69**. During a glacial stage, the average salinity of the ocean
1. increases relative to the interglacial stage
2. decreases relative to the interglacial stage
3. does not change from that in the inter-glacial stage
4. initially decreases then increases

**70**. पिछले कुछ मिल्लियन वर्षों में निम्न महासमुद्रों/समुद्रों में से किसका कुल क्षेत्रफल घट रहा है?
1. अट्लैंटिक महासागर
2. प्रशांत महासागर
3. लाल सागर
4. हिन्द महासागर

**70**. Which of the following oceans/seas is decreasing in its total area for the past few million years?
1. Atlantic Ocean
2. Pacific Ocean
3. Red Sea
4. Indian Ocean

# *भाग* \PART 'C'

**71.** निम्न को सुमेलित करनेवाला सही अनुक्रम है:

| अवसाद गुरुत्व प्रवाह | कण समर्थन साधन |
|---|---|
| a. आविलता धारा | p. आधात्री बल |
| b. मलबा धारा | q. द्रव प्रक्षोभ |
| c. द्रवित धारा | r. परिक्षेपी दाब |
| d. कण धारा | s. छूटता छिद्र द्रव |

1. a-r, b-q, c-p, d-s
2. a-p, b-r, c-s, d-q
3. a-q, b-p, c-s, d-r
4. a-q, b-r, c-p, d-s

**71.** The correct sequence that matches the following is

| Sediment gravity flow | Grain support Mechanism |
|---|---|
| a. Turbidity current | p. Matrix strength |
| b. Debris flow | q. Fluid turbulence |
| c. Liquefied flow | r. Dispersive pressure |
| d. Grain flow | s. Escaping pore fluid |

1. a-r, b-q, c-p, d-s
2. a-p, b-r, c-s, d-q
3. a-q, b-p, c-s, d-r
4. a-q, b-r, c-p, d-s

**72.** एक मेसोज़ोइक स्तरीय अनुक्रम नीचे से ऊपर तक निम्न शैल इकाइयों से अभिलक्षणित है:

ऊपर ↑
सुछांटित बालूशैल, द्विमोडीय पुराधारा के साथ।
बालू-पंक एकांतरता, द्विध्रुवीय पुराधारा के साथ।
कुछांटित बालूशैल, एकमोडीय पुराधारा के साथ।

उपरोक्त अनुक्रम के लिए निम्न में से कौन-सा संभाव्य निक्षेपी पर्यावरण है?
1. हिमनदीय – सरोवरी – वायूढ़
2. हिमनदीय – नदीय – वायूढ़
3. नदीय – ज्वारीय – तटमुखी
4. नदीय – सरोवरी – ज्वारीय

**72.** A Mesozoic stratigraphic sequence is characterized by the following lithounits from the bottom to the top:

Top ↑ Well-sorted sandstone with bimodal paleocurrent.
Sand-mud alteration with bipolar paleocurrent
Poorly-sorted sandstone with unimodal paleocurrent

Which one of the following is the probable depositional environment for the above sequence?

1. Glacial – lacustrine - eolian
2. Glacial – fluvial - eolian
3. Fluvial – tidal - shoreface
4. Fluvial – lacustrine - tidal

**73.** A B C D



चित्र A, B, C तथा D मुख्य प्रकार के जैव क्षेत्रों को स्पष्ट करते हैं। सही अनुक्रम है :

1. A: अंतराल जैव क्षेत्र, B: संगामी परिसर जैव क्षैत्र, C: समुच्चय जैव क्षेत्र, D: वर्गक-परिसर जैव क्षेत्र
2. A: वर्गक-परिसर जैव क्षेत्र, B: समुच्चय जैव क्षेत्र, C: संगामी परिसर जैव क्षैत्र, D: अंतराल जैव क्षेत्र
3. A: वर्गक-परिसर जैव क्षेत्र, B: संगामी परिसर जैव क्षैत्र, C: अंतराल जैव क्षेत्र, D: समुच्चय जैव क्षेत्र
4. A:संगामी परिसर जैव क्षैत्र, B: अंतराल जैव क्षेत्र, C: समुच्चय जैव क्षेत्र, D: वर्गक-परिसर जैव क्षेत्र

**73.** A B C D



Diagrams A, B, C and D illustrate principal kinds of biozones. The correct sequence is:

1. A: Interval biozone, B: Concurrent-range biozone, C: Assemblage biozone, D: Taxon-range biozone.
2. A: Taxon-range biozone, B: Assemblage biozone, C: Concurrent- range biozone, D: Interval biozone
3. A: Taxon-range biozone, B: Concurrent-range biozone, C: Interval biozone, D:Assemblage biozone
4. A: Concurrent-range biozone, B: Interval biozone, C: Assemblage biozone, D:Taxon-range biozone

**74.** स्तंभ I के रूपांतरी संलक्षणियों को स्तंभ II के खजिन समुच्चयों के साथ सुमेलित करें :

| I | II |
|---|---|
| A.ग्रीन शिष्ट | P. ग्लाऊकोफ़ेन + लॉसानाइटस + अल्बाइट |
| B. ब्लू शिष्ट | Q. हार्नब्लंड + प्लैजियोक्लेज़ |
| C. एम्फिबोलाईट | R. क्लोराईट + अल्बाइट + एपिडोट+ एक्टिनोलाइट |
| D. ग्रैनुलाइट | S. ऑर्थोपाईराक्सीन + क्लाइनोपाईराक्सीन + प्लैजियोक्लेज़ |

1. A-R, B-P, C-Q, D-S
2. A-S, B-R, C-Q, D-P
3. A-R, B-P, C-S, D-Q
4. A-Q, B-S, C-R, D-P

**74.** Match the metamorphic facies in column I with the mineral assemblage in column II

| I | II |
|---|---|
| A. Green schist | P. glaucophane + lawsonites + albite |
| B. Blue schist | Q. hornblende + plagioclase |
| C. Amphibolite | R. chlorite + albite + epidote+ actinolite |
| D. Granulite | S. orthopyroxene + clinopyroxene + plagioclase |

1. A-R, B-P, C-Q, D-S
2. A-S, B-R, C-Q, D-P
3. A-R, B-P, C-S, D-Q
4. A-Q, B-S, C-R, D-P

**75.** किसी शैल तंत्र में जिस न्यूनतम ताप पर आंशिक गलन घटित होता है, वह इसका एक फलन है:

1. दाब
2. आक्सीज़न पलायनता
3. जल की मात्रा
4. शैल की स्थूल बनावट

**75.** The lowest temperature at which partial melting occurs in a rock system is a function of:
1. pressure
2. oxygen fugacity
3. amount of water
4. bulk composition of the rock

**76.** निम्न दो कथनों के आधार पर सही विकल्प को चुनें:

A. एक आम सल्फाइड कुंड़ के साथ साम्यावस्था में रहते सह-अस्तित्व वाले सल्फाईड खनिजों के $^{34}S/^{32}S$ अनुपात को एक भूतापमापी के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है।

B. सह-अस्तित्व वाले प्रावस्थाओं का $^{34}S/^{32}S$ प्रभाजन गुणांक दाब पर निर्भर है।

1. A तथा B, दोनों गलत हैं।
2. A सही है, परंतु B गलत है।
3. A गलत है, परंतु B सही है।
4. A तथा B, दोनों सही हैं।

**76.** Choose the correct option based on the following two statements

A. $^{34}S/^{32}S$ ratio in co-existing sulfide minerals in equilibrium with a common sulfide reservoir can be used as a geothermometer

B. The fractionation factor of $^{34}S/^{32}S$ in coexisting phases depends on pressure.

1. Both A and B are incorrect
2. A is correct but B is incorrect
3. A is incorrect but B is correct
4. Both A and B are correct

**77.** निम्न दो चित्रों में हर चित्र एक जोड़ी अतिव्यापी नतिलंब सर्पण भ्रंशों को अपनी गतिशील दिशा के साथ दर्शाता है। हर भ्रंश जोड़ी के अतिव्यापी क्षेत्रों में संरचनाओं के स्वरूप के पूर्वानूमान करें।




1. (1) द्रोणिका (2) द्रोणिका
2. (1) कटक (2) कटक
3. (1) द्रोणिका द (2) कटक
4. (1) कटक (2) द्रोणिका

**77.** Each of the following two figures shows a pair of overlapping strike-slip faults with sense of movement.




Predict the nature of structures in the overlapping zones of each pair of faults.
1. (1) Graben (2) Graben
2. (1) Ridge (2) Ridge
3. (1) Graben (2) Ridge
4. (1) Ridge (2) Graben

**78.** निम्न चित्र दो वलन समुच्चयों, $F_1$ तथा $F_2$, के बीच की व्यतिकरण संरचना का प्रतिनिधित्व करता है।




निम्न कथनों में से कौन-से दो सही हैं?

A. $F_1$ – तथा $F_2$- दोनों हिंज रेखायें समांतर हैं।

B. $F_1$- तथा $F_2$ -दोनों वलन तलीय हैं।

C. $F_1$-वलन अतलीय परंतु $F_2$- वलन तलीय है।

D. $F_1$- तथा $F_2$- दोनों वलन अबेलनाकार हैं।

1. A तथा B
2. C तथा D
3. A तथा C
4. B तथा C

**78.** Following figure represents an interference structure between two fold sets, $F_1$ and $F_2$




Which two of the following statements are correct?

A. Both $F_1$ – and $F_2$- hinge lines are parallel
B. Both $F_1$- and $F_2$ -folds are planar.
C. $F_1$-folds are non-planar but $F_2$- folds are planar
D. Both $F_1$- and $F_2$- folds are non-cylindrical

1. A and B
2. C and D
3. A and C
4. B and C

**79.** स्तंभ के A विषयों को स्तंभ B के विषयों के साथ सुमेलित निम्न चार विकल्पों में से कौन-सा करता है?

| A | B |
|---|---|
| (i) नदीय-हिमानी नियोजीन शैल | (a) अंतराट्रैपी स्तर |
| (ii) प्रीकैंब्रियन-कैंब्रियन परिसीमा | (b) हिमालयी अग्रभूमि द्रोणी |
| (iii) पर्मियन-ट्रायासकि परिसीमा | (c) क्रोल द्रोणी |
| (iv) K-T परिसीमा | (d) टैथियन द्रोणी |

1. (i) – b; (ii) – c; (iii) – d; (iv) - a
2. (i) – c; (ii) – b; (iii) – a; (iv) - d
3. (i) – d; (ii) – a; (iii) – c; (iv) - b
4. (i) – c; (ii) – d; (iii) – b; (iv) - a

**79.** Which one of the following four options is the correct match of the items under column A with those in B?

| A | B |
|---|---|
| (i) Fluvio-glacial Neogene rocks | (a) Intertrappean beds |
| (ii) Precambrian-Cambrian boundary | (b) Himalayan Foreland basin |
| (iii) Permian-Triassic boundary | (c) Krol basin |
| (iv) K-T boundary | (d) Tethyan basin |

1. (i) – b; (ii) – c; (iii) – d; (iv) - a
2. (i) – c; (ii) – b; (iii) – a; (iv) - d
3. (i) – d; (ii) – a; (iii) – c; (iv) - b
4. (i) – c; (ii) – d; (iii) – b; (iv) - a

**80.** निम्न चित्र में दर्शाये गये विफलता आवरण पर बिन्दु a, b तथा c तीन पृथक प्रतिबल स्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। बिन्दुओं a, b तथा c पर सही विभंग प्रकार को पहचानें।




1. a–विस्तरण विभंग, b–संकर विभंग, c–अपरूपण विभंग
2. a–संकर विभंग, b–अपरूपण विभंग, c–विस्तरण विभंग
3. a–अपरूपण विभंग, b–विस्तरण विभंग, c–संकर विभंग
4. a–संकर विभंग, b–विस्तरण विभंग, c–अपरूपण विभंग

**80.** Points a, b and c represent three different states of stress on the failure envelope shown in the following diagram. Identify the correct type of fracturing at the points a, b, and c.




1. a– Extensional fracture, b– Hybrid fracture, c– Shear fracture.
2. a– Hybrid fracture, b– Shear fracture, c–Extensional fracture
3. a– Shear fracture, b– Extensional fracture, c– Hybrid fracture
4. a– Hybrid fracture, b– Extensional fracture, c– Shear fracture

**81.** पॉर्फिरी-प्रकार Cu-निक्षेप इसके संगत हैं:
1. मध्य-महासागरी कटक प्रतिवेश
2. अंतरा-क्रैटनी अनुपाट प्रतिवेश
3. महाद्वीप-महासागर अंत:ग्रसन प्रतिवेश
4. महासागर-महासागर अंत:ग्रसन प्रतिवेश

**81.** Porphyry-type Cu-deposits are associated with
1. Mid-oceanic ridge setting.
2. Intra-cratonic rift setting.
3. Continent-ocean subduction setting.
4. Ocean-ocean subduction setting.

**82.** पट्टित लोहा संरचनायें धारवाड क्रैटान के ग्रीनस्टोन पट्टियों में प्रबलत: पाये जाते हैं, जैसे कि बाबाबुदान में। इस आधार पर, सही निष्कर्ष है:
1. करीब 2400 Ma पूर्व नील-हरित शैवालों का प्रचुरोद्भवन घटित हुई
2. करीब 2700 Ma पूर्व नील-हरित शैवालों का प्रचुरोद्भवन घटित हुई
3. 3300 Ma पूर्व महाद्वीपीय अपक्षय प्रारंभ हुआ
4. 2700 Ma पूर्व महाद्वीपीय अपक्षय प्रारंभ हुआ

**82.** Banded Iron Formations occur predominantly in the greenstone belts of the Dharwar Craton, such as Bababudan. Based on this, the correct inference is:
1. proliferation of blue green algae occurred at around 2400 Ma ago.
2. proliferation of blue green algae occurred at around 2700 Ma ago.
3. continental weathering started 3300 Ma ago.
4. continental weathering started 2700 Ma ago.

**83.** मिस्सिसिप्पी घाटी प्रकार का निक्षेप है
1. एक सहजात Pb-Zn अयस्क
2. एक पश्चजात Pb-Zn अयस्क
3. एक अवसादी उच्छ्वसी Pb-Zn अयस्क
4. एक आग्नेय Ni-Cu अयस्क

**83.** Mississippi valley type deposit is
1. a syngenetic Pb-Zn ore
2. an epigenetic Pb-Zn ore
3. a sedimentary exhalative Pb-Zn ore
4. an igneous Ni-Cu ore

**84.** प्रवाही ऊर्जा के घटते क्रम वाले अवसादी संरचनाओं का सही अनुक्रम है:
1. गटर संचक, फ्लूट संचक, विसंधी संरेखण, प्रणाल भरण, तिर्यक् संस्तरण
2. फ्लूट संचक, प्रणाल भरण, गटर संचक, तिर्यक् संस्तरण, विसंधी संरेखण
3. तिर्यक् संस्तरण, विसंधी संरेखण, फ्लूट संचक, गटर संचक, प्रणाल भरण,
4. प्रणाल भरण, गटर संचक, फ्लूट संचक, विसंधी संरेखण, तिर्यक् संस्तरण

**84.** The correct sequence of sedimentary structures in the order of decreasing flow energy is:
1. Gutter cast, Flute cast, parting lineation, channel fill, cross-stratification.
2. Flute cast, channel fill, gutter cast, cross-stratification, parting lineation.
3. Cross-stratification, parting lineation, flute cast, gutter cast, channel fill.
4. Channel fill, gutter cast, flute cast, parting lineation, cross-stratification.

**85.** प्रारंभिक अपक्षय के दौरान बायोटाइट के टूटने की प्रक्रिया की निम्न में से कौन-सा पूर्णत: व्याख्या करता है?
1. अष्टफलकीय $Fe^{2+}$ का ऑक्सीकरण तथा आंतरपरती K का मुक्तन
2. अष्टफलकीय $Fe^{2+}$ का ऑक्सीकरण
3. चतुष्फलकीय Si का मुक्तन
4. आंतरपरती K का मुक्तन

**85.** Which one of the following most completely explains the breakdown process of biotite during initial weathering?
1. oxidation of octahedral $Fe^{2+}$ and release of interlayer K
2. oxidation of octahedral $Fe^{2+}$
3. release of tetrahedral Si
4. release of interlayer K

**86.** प्रावार में 100 km से अधिक गहनताओं में किंबर्लाइट मैग्मा का उद्भवन होता है तथा वह एक मोटी महाद्वीपीय पर्पटी से पार होकर भी सार्थक पर्पटीय संदूषण के बिना अभिस्थापित होती है। कारण है:

1. गलन का उच्च दाब एवं मंद अभिस्थापन।
2. पर्पटी शैलों का गलनांक किंबर्लाइट मैग्मा के गलनांक से अधिक है।
3. किंबरलाइट मैग्मा की अधिक श्यानता है।
4. उच्च वाष्पशील बनावट तथा तेज़ मैग्मा अभिस्थापना

